FORB Learning Platform

स्क्रिप्ट: धर्म या विश्वास की आज़ादी की विषय सूचि - भेदभाव से सुरक्षा

एक ऐसा अधिकार जिसका धर्म या विश्वास की आज़ादी से बहुत निकट का संबंध है, वह भेदभाव से सुरक्षा का अधिकार है। भेदभाव तब होता है जब कुछ लोगों के साथ दूसरों की तुलना में अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता है क्योंकि वे दूसरे लोगो से अलग हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार कानून के अंतर्गत मुख्य नियमों में से एक नियम यह है कि राज्यों को, धर्म या विश्वास सहित किसी भी आधार पर भेदभाव करने की अनुमति नहीं है। नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध अनुच्छेद 2 और मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा इस अधिकार की व्याख्या करती है।

आई.सी.सी.पी.आर. अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 1

"प्रतेक राज्य जो वर्तमान अनुबंध का सहभागी है, यह वचन देता है कि वे अपने छेत्र में और अपने छेत्राधिकार में वतर्मान अनुबंध के तहत मान्यता प्राप्त अधिकारों का सम्मान करेगा और हर एक व्यक्ति के लिए उन्हें सुनिश्चित करेगा, बिना किसी भेदभाव के जैसे जाति, रंग, लिंग, भाषा, धर्म, राजनीतिक या अन्य राय, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल, सम्पत्ति, जन्म या अन्य स्थिति के।"

इसलिए धर्म या विश्वास के आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित है। भेदभाव पर प्रतिबंध, दबाव पर प्रतिबंध का एक प्रतिबिम्ब है! राज्य को न केवल अपने ख़ुद के कार्यों द्वारा भेदभाव करने से बचना चाहिए, बल्कि समाज में भेदभाव को प्रभावी ढंग से रोकने या विराम लगाने के लिए भी काम करना चाहिए।

फिर भी, भेदभाव शायद धर्म या विश्वास की आज़ादी का आम तौर पर सबसे अधिक अनुभव किया जाने वाला उल्लंघन है, और यह हर धार्मिक और विश्वासी समूह को प्रभावित करता है।

स्वीडन में, शोधकर्ताओं ने पाया है कि यहूदियों को नौकरी पेश किये जाने के अवसर 26% कम हैं, और मुसलमानों के लिए यह अवसर 30%

कम हैं। यह सवाल भी काफी महत्वपूर्ण है कि क्या यह भेदभावपूर्ण है: अगर मालिकों द्वारा कर्मचारियों को काम के स्थान पर धार्मिक प्रतीक पहनने से प्रतिबंधित कर दिया जाए, जैसे कि क्रूस या हिजाब. इस मुद्दे को यूरोपीय अदालतों, और यू. एन. की मानव् अधिकार समिति में अनेक बार लाया गया है।

भेदभाव कई रूप धारण कर सकता है। कभी-कभी तो यह दूसरे धर्मों की अपेक्षा किसी एक धर्म के पक्ष में राज्य-पक्षपात का रूप धारण कर लेता है ! उदाहरण के लिए अलग-अलग समूहों को राज्य द्वारा वित्तीय सहयता देने में भेदभाव। कभी-कभी भेदभाव अधिक गंभीर होता है, जैसे अधिकारों को नकारना; उदाहरण के लिए जब कुछ समूहों को कानूनी पहचान या आराधना स्थल निर्माण करने के अधिकार से वंचित किया जाए । धर्म या विश्वास के आधार पर राज्य द्वारा भेदभाव केवल धार्मिक गतिविधियों को ही प्रभावित नहीं करता है। यह विवाह, बाल हिरासत या रोज़गार, आवास, कल्याणकारी सेवाओं या न्याय पाने के अवसर सहित जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

कई देशों में व्यक्ति के पहचान-पत्र पर ही उसके धर्म का उल्लेख किया जाता है। हर बार अपना पहचान-पत्र दिखाने पर अल्पसख्यकों को इससे भेद-भाव का शिकार बनना आसान हो जाता है.

इंडोनेशिया के कुछ हिस्सों में हिंदुओं को विवाह या जन्म के पंजीयन के लिए एक लंबा सफर तय करना पड्ता है, क्योंकि स्थानीय अधिकारी उन्हें पंजीकृत करने से इनकार करते हैं। और ईसाईयों को चर्च बनाने या उसकी मरम्मत करने की अनुमति मिलने की समस्या है। राष्ट्रीय अदालतों ने बार-बार ईसाईयों के पक्ष में फैसला किया है, लेकिन स्थानीय अधिकारी इन फैसलों को अनदेखा करते हैं, कभी-कभी तो हिंसक चरमपंथी समूहों के डर के कारण।

पाकिस्तान में अहमदियों द्वारा प्रचार करना, प्रसार करना या अपने विश्वास की सामग्री बाट्ना भेदभावपूर्ण कानून

के तहत एक अपराधिक काम है; और वोट देने के अधिकार को भी उन्होंने खो दिया है।

केन्या में मानव अधिकार संगठनों का कहना है कि देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के फलस्वरूप सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मुसलमानों पर निशाना साधना और सामूहिक सज़ा देना व्याप्त है; मनमानी गिरफ्तारियां, यातना, हत्याएं और गायब होने की रपटें मिलती रही हैं, जिन्हें सरकार ने अस्विकार किया है।

म्यांमार के बाइस गांवों में, स्थानीय बौद्ध भिक्षुओं ने अपने गांवों को मुस्लिम-मुक्त क्षेत्रों के रूप में घोषित कर दिया है, और उन्होने सूचना स्तम्भ लगा दिए हैं कि मुसलमानो को गांव में आने या वहां रात बिताने पर पाबन्दी है। स्थानीय निवासियों को मुसलमानों से शादी करने पर रोक है, और उनके खिलाफ नफ़रत फैलाने का प्रोपोगेन्डा किया जाता है. अधिकारियो ने इसे रोकने के लिए कुछ भी नही किया है।

अक्सर लोगों के साथ एक से अधिक कारणों से भेदभाव किया जाता है, उदाहरण के लिए धर्म, और जातीयता, लिंग या वर्ग के आधार पर। मानव अधिकार की भाषा में, इसे अंतरंग-भेदभाव कहा जाता है। इससे धर्म या विश्वास की आज़ादी के उल्लंघन के कुछ समूह और भी अधिक शिकार होते हैं। उदाहरण के लिए महिलाएं, देशज लोग, जातीय अल्पसंख्यक, एल.जी.बी.टी. समुदाय, प्रवासी और शरणार्थी।

आइए हम भारत से अंतरंग भेदभाव का एक उदाहरण देखें।

हिंदू जाति व्यवस्था एक प्रकार की निश्चित वर्ग प्रणाली है, जो लोगों को उच्च और निम्न जातियों और दलितों जैसे जातिहीन समूहों में विभाजित करती है। दलित अक्सर गरीबों में भी सबसे गरीब होते हैं, जो बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक भेदभाव का सामना कर रहे हैं। यद्यपि इसकी जड़ें हिन्दुवाद में हैं, लेकिन जाति व्यवस्था पूरे भारतीय समाज में व्याप्त है, और सभी धर्मों के लोगों को विशेष जातियों से संबंधित माना जाता है। उदाहरण के लिए, कई भारतीय ईसाई और मुसलमान दलित मूल के हैं।

जब भारत आज़ाद हुआ तो सरकार ने जाति व्यवस्था पर प्रतिबंध लगा दिया और सकारात्मक कार्रवाई की व्यवस्था शुरू करके जाति

भेदभाव का विरोध करने की कोशिश की। इस व्यवस्था के तहत सरकरी नौकरियों और राजकीय उच्च-शिक्षण संस्थाओं में दलितों के लिए कुछ ख़ास कोटा आरक्षित है, और उन्हे कुछ कल्यानकारी लाभ भी मिलता है। आप सोचते होंगे कि यह अभी तक तो ठीक-ठाक है. हालाकि यह लाभ केवल हिंदू दलितों, और दलित मूल के सिख और बौद्ध धर्म के लोगों को ही मिल रहा है. जो ईसाई या मुसलमान दलित मूल के हैं, उन्हे इस अधिकार से वंचित रखा जाता है।

ईसाई और मुस्लिम दलितों को उनकी जाति और अल्पसंख्यक धर्म दोनों के कारण समुदाय में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन के धर्म के आधार पर, राज्य भी उनके साथ भेदभाव करता है। जाति भेदभाव का मुकाबला करने के लिए सकारात्मक कार्रवाई से उन्हें बाहर रखा जा रहा है. ईसाई और मुसलमान दलितों के आर्थिक और सामजिक विकास पर इसका असर पड़ता है।

संक्षेप में: राज्यों को धर्म या विश्वास के आधार पर लोगों के खिलाफ भेदभाव करने की अनुमति नहीं है। उन का यह भी कर्तव्य है कि वे लोगो की रक्षा करें और समाज में भेदभाव की रोक-थाम प्रभावी ढंग से करें।

भेदभाव कई रूप ले सकता है और जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। अक्सर, लोगों को अपने धर्म या विश्वास सहित कई अंतर-विभागीय कारणों के लिए भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

भेद-भाव के बारे में आप अधिक जानकारी हमारे वेबसाइट पर प्रशिक्षण सामग्री में देख सकते हैं, जिनमें वे सभी मानव अधिकार दस्तावेज़ शामिल हैं, जिनका ज़िक्र यहां किया गया है

Copyright: SMC 2018